भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 941

08 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए नियत

"ऑटोमोबाइल कलपुर्जों का विनिर्माण"

941. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:
डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:
श्री कुरुवा गोरांतला माधव:
श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:
श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ऑटोमोबाइल कलपुर्जों का निर्माण आंध्र प्रदेश के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार आंध्र प्रदेश में नेशनल ऑटोमाबाइल टेस्ट ट्रैक्स (नट्रैक्स) जैसा ऑटोमोटिव परीक्षण और प्रमाणन केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) और (ख): ऑटोमोटिव घटक विनिर्माता संघ (एसीएमए) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आंध्रप्रदेश में 100 से अधिक ऑटो-घटक विनिर्माण इकाइयों के साथ ऑटोमोबिल और ऑटो घटक उद्योग की पर्याप्त उपस्थिति है।

(ग) और (घ): जी नहीं। वर्तमान में, आंध्रप्रदेश में ऑटोमोटिव परीक्षण और प्रमाणन केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वर्तमान में चार परीक्षण केंद्र हैं जो भारत में ऑटो क्षेत्र के लिए परीक्षण, मान्यता और प्रमाणन संबंधी मांग को पूरा कर रहे हैं।

****